कंफर्म टिकट पाने में हो रही परेशानी

राखी आने के पहले ही ट्रेनें हो चली फुल

जबलपुर, नवभारत। जैसे-जैसे रक्षाबंधन का पर्व करीब आते जा रहा है वैसे-वैसे ट्रेनों में भीड़ बढ़ती जा रही है जिसके चलते आने वाले कुछ दिनों तक शहर से बेंगलुरु, मुंबई और हावड़ा की ओर जाना मुश्किल होता जा रहा है। इन रूटों पर चलने वाली अधिकांश ट्रेनो में वेटिंग लगी हुई हैं वहीं कुछ में तो नो रूम लगाने की स्थिति बन गई है। बावजूद इसके ट्रेनों में टिकट पाने के लिए यात्री एजेंटों के चक्कर काट रहे हैं। बता दे कि रक्षाबंधन 9 अगस्त को है। जिसके चलते हावड़ा मेल, गोरखपुर-एलटीटी एक्सप्रेस, महानगरी एक्सप्रेस, पाटलिपुत्र एक्सप्रेस में वेटिंग टिकट भी उपलब्ध नहीं है। जुलाई के अंत से दस अगस्त तक लंबी वेटिंग है। यही नहीं जबलपुर से बेंगलूरु, चेन्नई और हैदराबाद जाने वाली ट्रेनों में भी हालात चिंताजनक हैं। संघमित्रा एक्सप्रेस में तो 1 अगस्त तक टिकट ही नहीं है।

ट्रेनों की स्थिति

- दानापुर-पुणे में 2 अगस्त तक नो रूम
- पवन एक्सप्रेस में 1 अगस्त तक नो रूम
- पाटलीपुत्र-मुंबई एलटीटी में 2 अगस्त तक नो रूम
- महानगरी एक्सप्रेस में 30 जुलाई तक नो रूम
- काशी एक्सप्रेस में 30 जुलाई तक नो रूम
- संघमित्रा एक्सप्रेस में 2 अगस्त तक नो रूम

सौ के करीब पहुंच रही वेटिंग

जानकारों की माने तो यात्रियों को प्रतीक्षा सूची में भी स्थान नहीं मिल पा रहा है। यही हाल दिल्ली रूट का है। यहां 30 से 80 के बीच वेटिंग चल रही है। रेल प्रशासन रक्षाबंधन के लिए अब स्पेशल ट्रेनों की घोषणा कर रहा है।इसका फायदा यह होगा कि जिन यात्रियों को रेगुलर ट्रेनों में टिकट नहीं मिल पा रही है, वे स्पेशल ट्रेन में यात्रा कर सकते हैं। लोगों का यह भी कहना था कि रेलवे को पंद्रह दिन पहले से स्पेशल ट्रेनों में आरक्षण सुविधा शुरू कर देनी चाहिए थी।

भोपाल से अचानक पहुंचे अधिकारी मूंग खरीदी का लिया जायजा

सिहोरा और मझौली के खरीदी केंद्रों की जानकारी ली

नवभारत,जबलपुर। जिले में चल रही समर्थन मूल्य पर उड़द और मूंग की खरीदी में अचानक भोपाल के अधिकारियों ने दस्तक दी। अधिकारियों ने सिहोरा और मझौली के वेयरहाउस में पहुंचकर खरीदी की जानकारी ली। जानकारी के अनुसार किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के भोपाल से आये अधिकारियों ने सिहोरा में गोविन्द वेयर हॉउस घुघरी एवं श्री राम वेयर हाउस पहरेवा तथा मझौली में शशि वेयर हाउस दिनारी खमरिया का निरीक्षण किया। निरीक्षण में खरीदी केंद्र प्रभारी एवं सर्वेयर से उपार्जन कार्य संबंधी जानकारी ली गई। निरीक्षण में सर्वेयर के रजिस्टर का अवलोकन किया गया, किसानों से उपार्जित मूंग की बोरियों की तौल कराई गई तथा मानकों के अनुसार ही खरीदी करने के निर्देश दिये गये। भोपाल से आये अधिकारियों में उप संचालक कृषि श्रीमती रश्मि वर्गीस एवं सहायक संचालक कृष्ण कुमार चौहान शामिल थे। अनुविभागीय कृषि अधिकारी सिहोरा मनीषा पटेल, अनुविभागीय कृषि अधिकारी जबलपुर प्रतिभा गौर एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जे एस राठौर निरीक्षण के दौरान उनके साथ थे।

INDIA'S LARGEST CONTAINER PORT | जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण (पत्तन योजना एवं विकास विभाग) | DEVELOPED INDIA MISSION

लघु ई-निविदा सूचना

निविदा क्रमांक: जेएनपीए/पीपीडी/लैंड/टी-34/2025, दिनांक 28.07.2025

जवाहरलाल नेहरू पोर्ट प्राधिकरण (जेएनपीए), नवी मुंबई द्वारा दिनांक **30.07.2025 से 09.09.2025** के दौरान ऐसी अनुभवी और प्रतिष्ठित संस्थाओं से ऑनलाइन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं, जो न्यूनतम पात्रता मापदंड (एमक्यूसी) को पूर्ण करती हों। यह निविदा "एक चरण दो लिफाफा प्रणाली (तकनीकी एवं मूल्य प्रस्ताव) और ई-नीलामी प्रक्रिया" के तहत निम्नलिखित कार्य के लिए आमंत्रित की जा रही है: **"जवाहरलाल नेहरू पोर्ट में तरल भंडारण सुविधाओं के लिए 0.50 हेक्टर (प्लॉट क्र. जी-12) जमीन एवं संपत्ति को, भूमि प्रबंधन नीति 2015 (तथा 10.12.2024 तक बंदरगाह, नौवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के अंतर्गत) के अनुसार, 30 वर्षों की नई दीर्घकालीन लीज़ पर प्रदान करने हेतु ई-निविदा-सह-ई-नीलामी के माध्यम से आवंटित किया जाएगा।"** निविदा शुल्क ₹23,600/- (जो वापस नहीं किया जाएगा) है। विस्तृत निविदा सूचना एवं निविदा दस्तावेज जेएनपीए की वेबसाइट www.jnport.gov.in या https://eprocure.gov.in/eprocure/app पर उपलब्ध है।

मुख्य महाप्रबंधक
(पत्तन योजना एवं विकास विभाग)

हाईकोर्ट में नवनियुक्त ग्यारह जज आज ग्रहण करेंगे पदभार

चीफ जस्टिस दिलायेंगे पद व गोपनीयता की शपथ

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट में नव नियुक्त ग्यारह न्यायाधीश बुधवार को पदभार ग्रहण करेंगे। इससे पूर्व मुख्य न्यायाधीश संजीव कुमार सचदेवा शपथ ग्रहण कराएंगे। सात पूर्णकालिक और चार अतिरिक्त न्यायाधीश बनाए गए हैं। राष्ट्रपति की स्वीकृति के बाद केन्द्रीय कानून विभाग ने नियुक्ति की अधिसूचना जारी कर दी थी। अधिवक्ता कोटे से पुष्पेंद्र यादव जबलपुर, जय कुमार पिल्लई जबलपुर, आनंद सिंह बहरावत इंदौर, हिमांशु जोशी इंदौर, अजय कुमार निरंकारी ग्वालियर को न्यायाधीश बनाया गया है। वहीं न्यायिक कोटे से रामकुमार चौबे, राजेश कुमार गुप्ता, आलोक अवस्थी, रत्नेश चंद्र सिंह बिसेन, भगवती प्रसाद शर्मा और प्रदीप मित्तल को अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। वर्तमान में हाईकोर्ट में न्यायाधीशों के कुल स्वीकृत पद 53 हैं। अभी 34 जज कार्यरत हैं। 11 नए न्यायाधीशों के साथ अब कार्यरत जजों की संख्या बढक़र 45 हो गई है। अभी भी जजों के आठ पद रिक्त हैं।

कल्लू हत्याकांड के आरोपी पर दिनदहाड़े फायरिंग

मंदिर में दर्शन कर लौटते वक्त बनाया निशाना

फिल्मी स्टाइल में वारदात सीसीटीवी में कैद

जबलपुर। माढ़ोताल थाना क्षेत्र में बाइक सवार तीन बदमाशों ने फिल्मी स्टाइल में दमोह में हुए कल्लू रैकवार हत्या के आरोपी पर दिनदहाड़े फायरिंग कर दी हमले में एक युवक घायल हो गया। वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस फुटेज के आधार पर पतासाजी कर रही है। बदमाशों ने रैकी के बाद वारदात की है जब घायल मंदिर में दर्शन कर लौट रहा था तभी उस पर फायरिंग की गई। एएसपी सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि शिवा रैकवार 33 वर्ष निवासी पानी की टंकी के बाजू से रेवानगर सब्जी मंडी जबलपुर में आड़तिया का काम करता है लगभग 2 वर्ष से रेवा नगर में परिवार सहित रह रहा हैं पूर्व में वह फुटेरा मोहल्ला वार्ड नम्बर 5 दमोह में रहता था उसी अवधि में कल्लू रैकवार की हत्या हुयी थी, उसके खिलाफ हत्या का केश हुआ था जिसमें वह जमानत पर है, केश न्यायालय में चल रहा है। सुबह लगभग 11-30 बजे वह पाटन रोड पर स्थित हनुमान मंदिर में दर्शन करने गया था दर्शन करने के बाद युवराज मार्बल से होते हुये वह अपने घर वापस जा रहा था मोहल्ले के अभय किराना दुकान पर सामान लेने रूका था फिर अपनी स्कूटी से घर जा रहा था जैसे ही रेवा नगर कालोनी के मोड़ पर स्कूटी से पहुंचा तभी 2-3 लोग मोटर सायकल लेकर खड़े थे उसे देखते ही सभी ने उसकी हत्या करने की नियत उस पर फायर कर दिया उसे वायें हाथ, कमर एवं अन्य जगह छर्रे लगे हैं। पुलिस सीसीटीव्ही फुटेज आधार पर प्रकरण दर्ज कर पतासाजी कर रही है।

हाईवे पर बाइकों में भिड़ंत एक की मौत, दो घायल

एनएच 45 जबलपुर-भोपाल रोड पर हुआ दर्दनाक हादसा

जबलपुर। बेलखेड़ा थाना अंतर्गत एन एच 45 जबलपुर भोपाल रोड ग्राम जमखार एवं पेट्रोल पम्प के बीच बाइकों में भिड़ंत हो गई जिसमें एक की मौत हो गई जबकि दो घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि रंजीत गौंड़ 39 वर्ष निवासी ग्राम पौंड़ी खुर्द पाटन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपनी रिश्तेदारी में बेलखेड़ा गंगाजली कार्यक्रम में गया था। गांव के घर परिवार के लोगों के साथ लोडिंग बुलेरो से बेलखेड़ा जा रहे थे बुलेरो के आगे उसका मोटर सायकल में उसका भतीजा आकाश आदिवासी, भांजा देवराज आदिवासी 30 वर्ष निवासी रोजेघाट थाना तेजगढ़ जिला दमोह, देवराज के साथ वाला लड़का मोटर सायकल चला रहा था। एन एच 45 ग्राम जमखार और पेट्रोल पम्प के बीच पहुँचे तभी मोटर सायकल के आगे जा रही मोटर सायकल वाले को बाजू से टक्कर मारकर तीनों मोटर सायकल से गिर गये, मोटर सायकल चलाने वाला कूद गया आकाश और देवराज को हाथ पैर, सिर एवं शरीर में चोटें आईं, भांजा देवराज की मोके पर मौत हो गयी ।

STUDY ABROAD COUNSELING By Prabha Yadav
MBBS प्रवेश
विदेश में डॉक्टर बने आपके बजट में
भारत के साथ ही रशिया, जॉर्जिया, कजाकिस्तान, नेपाल सहित अन्य देशों सें MBBS करने हेतु संपर्क करें:-
ASHIRWAAD 781, SHANTI NAGAR, NEAR RYAN INTERNATION SCHOOL JABALPUR
+91 9340486618

भवन निर्माण
₹1500/- वर्गफुट कंस्ट्रक्शन
माड्यूलर किचिन लेटबाथ स्टील रेलिंग बिजली पानी, मटेरियल सहित, कम्पलीट वर्क
संपर्क करे
कमलेश पटेल- मो.नं. 6260334877

नागपंचमी: किसी का होंठ सिला मिला तो किसी के मुंह में नहीं थे दांत

वन विभाग की टीमों ने 21 सपेरों को दबोचा,58 सांपों को कराया आजाद

नवभारत,जबलपुर। नागपंचमी के दिन जहां एक ओर पूजन-अर्चन का दौर सुबह से शहर में जारी रहा तो वहीं दूसरी तरफ वन विभाग की अलग-अलग टीमें सपेरों की धरपकड़ में सक्रिय रही। जानकारी के अनुसार वन विभाग की टीमों द्वारा 21 सपेरों के चंगुल से 58 सांपों को आजाद कराया गया है। घायल अवस्था में मिले सांपों को वन विभाग द्वारा वेटरनरी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वन परिक्षेत्र अधिकारी अपूर्व शर्मा के अनुसार सपेरों के पास से जितने सांप मिले हैं वो घायल अवस्था में थे, जिनका इलाज पहले जरूरी था। पकड़े गए सांपों में अधिकांश सांप कोबरा प्रजाति के थे वहीं धामन प्रजाति के भी सांप सपेरों के पास मिले हैं। मुख्य वन संरक्षक कमल अरोड़ा, वन मंडल अधिकारी ऋषि मिश्रा, उपवनमंडल अधिकारी पी.के. श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में वन परिक्षेत्र अधिकारी जबलपुर अपूर्व प्रखर शर्मा द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई है।

सपेरों को रहा वन विभाग की सक्रियता का भय

गौरतलब है कि प्रति वर्ष परिक्षेत्र जबलपुर द्वारा कार्यवाही की जाती है जिसके फलस्वरूप लगातार सर्पों के प्रदर्शन में गिरावट आई है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2023 में वन विभाग की टीम द्वारा 150 सांपों का रेस्क्यू, वर्ष 2024 में 65 सांपों का और अभी इस वर्ष अभी तक 57 सांपों को आजाद कराया गया है। जो कि स्पष्ट दर्शा रहा है कि वन विभाग की सक्रियता से सपेरों में भय व्याप्त है।

हाईकोर्ट ने निर्वासन आदेश को अनुचित पाकर किया निरस्त

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने जिला दंडाधिकारी द्वारा पारित निर्वासन आदेश व संभागायुक्त के अपीलीय आदेश को अनुचित पाकर निरस्त कर दिया। ये दोनों आदेश कलेक्टर खंडवा व संभागायुक्त इंदौर द्वारा पारित किए गए थे। याचिकाकर्ता अमित जैन उर्फ गोलू की ओर से अधिवक्ता अंचन पांडे ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि सिमी आतंकी के विरुद्ध एक प्रकरण में याचिकाकर्ता गवाह था। इसीलिए उसे दुर्भावनावश फंसाया गया है। जिस अपराध में वह पूर्व में निर्वासित हो चुका है, उसी को आधार बनाकर नए सिरे से निर्वासन आदेश जारी करा दिया गया। पुलिस अधीक्षक खंडवा के प्रतिवेदन पर ठीक से विचार किए बिना ही जिला दंडाधिकारी कलेक्टर खंडवा ने निर्वासन आदेश पारित कर दिया। जिस अंतिम अपराध को निर्वासन के लिए प्रयुक्त किया गया, उसके अंतर्गत मशाल जुलूस के भभके से जलाने का था। जबकि वस्तुस्थिति यह है कि वह मामूली चोट थी, जो इरादतन नहीं थी, महज दुर्घटना थी।

मोहन्ती चेस्ट हॉस्पिटल
डॉ. ए.पी. मोहन्ती
(एम.डी.चेस्ट वरिष्ठ छाती एवं फेफड़ा रोग विशेषज्ञ)
एम.डी.आर. टी.बी., निमोनिया, फेफड़ों में जमे पानी का इलाज, दमा, सांस फूलने का इलाज, एलर्जी टेस्ट, स्लीप स्टडी, स्पाईरोमेट्री, ब्रॉकोस्कोपी एवं धूम्रपान छुड़ाना।
पता जबलपुर हॉस्पिटल के सामने, रसल चौक जबलपुर
0761-3585408, 7999985457
0761-4047091, 7898409109

महाकौशल यूनिवर्सिटी
ऐढाखेड़ा, तिलवारा, जबलपुर
•B.Tech •BBA •Law •M.Tech •MBA •Forensic Sci. •Pharmacy •B.Sc •BA •B.Com •Agriculture •M.Sc •MA •M.Com
ADMISSION 9109970698 9981350102 9109988370 9109970699
सिटी ऑफिस - जौहरी हॉस्पिटल के सामने, गौ माता चौक, राईट टाउन, जबलपुर

विगत 25 वर्षों से
कालसर्प दोष अनुष्ठान
नि:शुल्क कालसर्प दोष अनुष्ठान
शनि मंदिर तिलवाराघाट जबलपुर में 29 जुलाई नागपंचमी के पर्व पर विशेष अनुष्ठान पितृदोष, मांगलिक एवं नारायण नागवली दोष, विवाह, शारीरिक, मानसिक, नौकरी इत्यादि अनुष्ठान की शांति विधान के लिए
पं. बाल गोविन्द शास्त्री (प्रयागराज वाले)
संपर्क करें मो. 7974220514, 9956887582

श्री शुभम् हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर
मल्टी स्पेशियेलिटी हॉस्पिटल
* जनरल मेडिसिन * हृदय रोग * नेत्र रोग * अस्थि रोग * जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी * न्यूरो तथा स्पाइन * नाक-कान-गला रोग * कैंसर * स्त्री एवं प्रसूती रोग * बाल रोग
आकस्मिक चिकित्सा, भर्ती, एम्बूलेंस, दवाईयां सुविधा उपलब्ध है
दशमेश द्वार, मदन महल चौक, नागपुर रोड, जबलपुर फोन. 0761.4051253 मो.9329486447

श्रीजानकीरमण कला, वाणिज्य एवं फॉर्मेसी महाविद्यालय
म.प्र. शासन से मान्यता व अनुदान प्राप्त और रानीदुर्गावती वि.वि. एवं फॉर्मेसी काउंसिल से संबद्धता प्राप्त महाविद्यालय
प्रवेश प्रारंभ B.A. B.Com B.Pharma D.Pharma
बल्देवबाग के पास, आगा चौक, जबलपुर मो: 9243447119, 7869474006

I-CAT INSTITUTE OF COMPUTER APP. & TECH.
माखनलाल चतुर्वेदी रा.प. एवं संचार विश्वविद्यालय से संबद्ध | अन्य विश्वविद्यालय से संचालित कोर्सेस
PGDCA योग्यता - स्नातक किसी भी विषय में
DCA योग्यता - 12वीं किसी भी विषय में
M.Sc.(cs) BCA
BALLB, LLB, LLM, BA, MA, B.Com, M.Com, BSW, MSW, B.Sc, M.Sc,
ARPITA 28 SEPT.
पता होमसाइंस कॉलेज रोड, जायसवाल समाज भवन, जबलपुर- 9479494994, 9407058881

AN ISO 9001:2008 CERTIFIED CO.
भूमिजा टीएमटी 550 SD सरिया
प्रतिभाशाली इस्पात का निर्माण... ...एक बेहतर दुनिया के लिए...
FOLLOW US ON www.bhumijaispat.com | भूमिजा टीएमटी +91 9425154546 +91 7880097612

सीधे 10 वीं/12 वीं/कॉलेज के फार्म भरें।
9वीं/11वीं फेल/पास सीधे 10वीं/12वीं करें। 12वीं पास बी.ए./बी.कॉम./बी.एससी./बी.बी.ए./डी.एड./ आई.टी.आई./ कॉलेज/एन.टी.टी. जैसे कोर्स करें। ग्रेजुएट छात्र-छात्रा बी.एड./बी.लिब./ डी.फार्मा./बी.फार्मा./एल.एल.बी. जैसे रोजगारोन्मुखी कोर्स कम्प्यूटर कोर्स के रेग्यूलर/प्राइवेट फार्म भरें।
यश नर्सरी हायर सेकेण्डरी स्कूल स्टेट बैंक के पास अधारताल तिराहा जबलपुर मो. 9303580611 फोन नं. 0761-4111321

JABALI माखनलाल चतुर्वेदी वि.वि से सबद्ध
PGDCA DCA TALLY CPCT, C++, JAVA, PYTHON
Classes Available- BCA
दमोहनाका पेट्रोल पंप के सामने, मेन रोड जबलपुर- 8989001539, 0761- 4005515

SYS INSTITUTE OF COMPUTER MNG. माखनलाल चतुर्वेदी वि.वि से सबद्ध
PGDCA योग्यता- स्नातक किसी भी विषय में | DCA योग्यता 12 वी किसी भी विषय में
TALLY, CPCT, C++, JAVA, PYTHON
Classes Available- BCA
होमसाइंस कॉलेज रोड आयुष गैलरी के सामने
डॉ. रवि अग्रवाल लाईन- 9826144161, 0761-4044161

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57